हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–218 : जौनपुर, शनिवार 04 दिसंबर 2021 साप्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सपा–रालोद का गठबंधन भाजपा के लिए खड़ी कर सकता है चुनौतियां : जानें क्या है जमीनी हकीकत

लखनऊ ब्यूरो : बात जून 2019 की है। मेरठ के मोहल्ला प्रह्लादनगर में एक वर्ग के लोगों ने अपने मकान के बाहर लिख दिया–यह मकान बिकाऊ है। सौ परिवारों ने पलायन की बात कही तो हंगामा खड़ा हो गया। आरोप लगाया कि दूसरे वर्ग के युवक छेड़छाड़ करते हैं और उनका जीना मुहाल कर रखा है। ऐसे भावनात्मक मुद्दे देश भर में गूंजे। मेरठ में विकास की यूं तो खूब बयार बही पर चुनावी अखाड़े में इस तरह के मुद्दे यहां बड़े दांव का काम करते हैं। इस बार भी मेरठ के चुनावी रण में सियासी दलों की उम्मीदों का बड़ा पहाड़ खड़ा है। पिछले चुनाव में भाजपा ने पूरे मंडल में सभी दलों को तगड़ी पटखनी दी थी। भाजपा के पास गिनाने के लिए कई काम भी हैं। पर, इस सबके बाद भी चुनावी पिच इस बार उतनी सपाट नहीं है। सपा–रालोद का गठबंधन भाजपा के लिए चुनौतियां खड़ी कर सकता है। महंगाई, किसानों की नाराजगी, उद्यमियों की समस्या, गन्ना मूल्य के मुद्दे भी भाजपा का इम्तिहान लेंगे। भाजपा के पास गिनाने के लिए कई काम। आगे बढ़ने से पहले बात 2017 के चुनावों की। उलटफेर के लिए विख्यात रहे मेरठ मंडल में भाजपा का धोबियापछाड़ रंग लाया। ऐसी आंधी चली कि मंडल की 28 सीटों में से 25 पर उसने विजय पताका फहरा दी। सपा, बसपा और रालोद के हिस्से में महज एक–एक सीटें आईं। कांग्रेस पूरे मंडल में खाता तक नहीं खोल सकी। बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में तो किसी दूसरे दल की दाल ही नहीं गलने पाई। पिछले करीब पांच बरसों में यहां विकास की बयार तो चली ही, मुद्दों की फसलें भी खूब लहलहाई। मेरठ–दिल्ली एक्सप्रेसवे की मांग पूरी हुई। मेरठ–बुलंदशहर हाईवे पर भी वाहन फर्राटा भरने लगे। दिल्ली से मेरठ के बीच रैपिड ट्रेन और मेरठ शहर में मेट्रो ट्रेन पर भी काम शुरू हो गया। मेरठ–गढ़मुक्तेश्वर मार्ग चौड़ीकरण के लिए भी भूमि पूजन किया गया है। संवेदनशील मेरठ में दंगों का जिक्र भाजपा करती रही है। उधर, दिल्ली–सहारनपुर वाया बागपत मार्ग बना तो मिलों की क्षमता बढ़ाने पर भी काम हुआ। बुलंदशहर में मेडिकल कॉलेज बनेगा। वहीं, अनूपशहर बुलंदशहर मार्ग, गंगा नदी और काली नदी पर पुल जैसे प्रोजेक्टों पर काम शुरू हुआ। हालांकि, शहरों की ही बात करें तो मेरठ, बुलंदशहर आदि में रिंग रोड बनाने की मांग बरसों पुरानी है, जो पूरी नहीं हो पाई। जेवर एयरपोर्ट बड़ा काम, मेरठ में आस अधूरी। जेवर एयरपोर्ट सरकार का बड़ा काम है। हालांकि मेरठ में हवाई अड्डे की आस पूरी नहीं हुई। बदली नीतियों का परिणाम रहा है कि गौतमबुद्धनगर में इन्वेस्टर आए। डाटा पार्क, टॉय पार्क डवलप हो रहे हैं जिनमें सौ से ज्यादा कंपनियां हाथ आजमा रही हैं। एमएसएमई पार्क, लॉजिस्टिक, वेयर हाउस, कार्गो आदि पर काम हुए। मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित हुआ। दादरी, नोएडा, गाजियाबाद निवेश क्षेत्र होने से गाजियाबाद भी विकास की राह पर है। पर इन मुद्दों की धार भी कम नहीं। गाजियाबाद और नोएडा में निजी बिल्डरों के बनाए दो लाख से ज्यादा आवास खाली पड़े हैं, पर आवंटियों को कब्जे नहीं मिल पाए हैं। सरकार ने दावे तो किए थे, पर सब हवा हो गए। बिजली दरें कम करने, इकनॉमिक कॉरिडोर के मुआवजे के मुद्दे अहम हैं। चीनी, हथकरघा, खेल का सामान, कृषि उपकरण, विद्युत उपकरण, कालीन आदि धंधों में भी उद्यमियों की तमाम मांगें अभी पूरी नहीं हुई हैं। इस समय रालोद से जुड़े पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा कहते हैं, फूलों से लेकर गन्ने तक की खेती करने वाले किसान बर्बाद ही हुए हैं। बुलंदशहर के कोल्हू संचालक हरबीर सवाल उठाते हैं, जब रोजगार की ही गति धीमी पड़ी है, तो विकास क्या हुआ? हालांकि, गाजियाबाद के अरविंद शर्मा कहते हैं कि कानून–व्यवस्था से लेकर विकास तक पर सरकार ने बेहतर काम किया है। इंजीनियरिंग के छात्र प्रियांशु शर्मा कहते हैं, छात्र बेरोजगार घूम रहे हैं। महंगाई बड़ा मुद्दा है। काम मिले और महंगाई बढ़ जाए तो चलता है, पर काम मिले नहीं और महंगाई बढ़ जाए, यह तो आफत है। इसका चुनाव में भाजपा पर असर पड़ेगा। विधि छात्रा शिवांगी सिंह कहती हैं कि महिला सुरक्षा बड़ा मुद्दा है और इस सरकार में न केवल महिला, बल्कि हर वर्ग को सुरक्षा मिली है। अपराधियों पर कड़ा चाबुक चला है। सड़कों पर अब शोहदे नहीं दिखते। मेडिकल की छात्रा शालिनी कहती हैं कि सरकार ने अपनी साफ–सुधरी छवि को बरकरार रखा। सीएम योगी ओर पीएम मोदी की छवि का लाभ भाजपा को इस चुनाव में भी मिलेगा। किसान आंदोलन का असर। तीन कृषि कानूनों की वापसी के लिए आंदोलन में मेरठ की अहम भूमिका रही है। सपा के साथ रालोद का गठबंधन और उस पर भाकियू के खुले समर्थन से भाजपा की राह आसान नहीं रहने वाली। हालांकि अब कानून वापस हो गए हैं, पर किसान मानने को तैयार नहीं। इस आंदोलन का असर पंचायत चुनावों में भी देखने को मिला था और सपा–रालोद को काफी फायदा हुआ था। छात्र सौरभ चौधरी कहते हैं कि सरकार किसानों के मुद्दों पर पूरी तरह से विफल साबित हुई है। किसानों को फसलों का दाम नहीं मिल रहे हैं। गन्ना भुगतान समय से नहीं हो रहा है। गरीब और नौकरीपेशा भी परेशान हैं। कृषि कानूनों पर किसानों को कितना संघर्ष करना पड़ा सबने देखा। इसका खामियाजा भाजपा को चुनाव में भुगतना पड़ेगा। जयंत के लिए वजूद की लड़ाई। रालोद इस बार अपने नए मुखिया चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है। जयंत के लिए भी यह वजूद की लड़ाई है। पिछले चुनाव की बात करें तो केवल छपरौली में ही रालोद का खाता खुल पाया था। बाकी बागपत की दोनों सीटों पर भी हार का सामना करना पड़ा था। बहरहाल इस बार उसका सपा से गठबंधन है। जातियों का समीकरण। मेरठ मंडल में जहां जाट, गुर्जर, ब्राह्मण, वैश्य, ठाकुर आदि की अहम भूमिका रहती है, तो वहीं अधिकतर सीटों पर मुस्लिम बड़ी संख्या में हैं। इसके अलावा अनुसूचित जाति के वोटर किसी भी सीट का परिणाम बदलने का माद्दा रखते हैं। यादव भी कई सीटों पर निर्णायक हैं। सबसे अहम अति पिछड़े हैं जो भाजपा की बड़ी ताकत हैं। इस वर्ग में अभी तक कोई आसानी से सेंध नहीं लगा पाया है। सपा मुस्लिमों के साथ–साथ इस बार जाटों और यादवों के सहारे चुनावी रण में ताल ठोंक रही है तो भाजपाइयों का मानना है कि जाटों का वोट उसके पास भी कम नहीं। उधर, बसपा इस चुनाव में अपने काडर वोटर के साथ अन्य जातियों को जोड़ने की कोशिश में है। कांग्रेस ब्राह्मणों और अन्य रूठों को मनाकर अपने साथ जोड़ने की मुहिम में है। मायावती के फॉर्मूले पर सबकी नजर। चार बार मुख्यमंत्री रहीं बसपा सुप्रीमो मायावती का गृह मंडल मेरठ ही है। पूरे मंडल में उनका बड़ा वोट बैंक है जो किसी भी चुनाव का परिणाम बदलने में सक्षम है। अपने काडर वोटर के साथ मायावती ब्राह्मणों को जोड़ने के लिए मशक्कत कर रही हैं। जाट, मुस्लिम समीकरण भी उन्होंने खोला है, पर इसका क्या परिणाम होगा यह देखने वाली बात होगी। उधर, आजाद समाज पार्टी संस्थापक चंद्रशेखर मंडल में लंबे समय से सक्रिय हैं। वह भी बसपा के काडर वोट में सेंध लगाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। सीटों का गणितः मेरठ (7 सीटें)। सिवालखासः भाजपा से जितेंद्र सतवाई विधायक हैं। पहली बार चुनाव लड़े और जीते। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 95 हजार, जाट 70 हजार, जाटव 40 हजार, ब्राह्मण 21 हजार, गुर्जर 17 हजार, क्षत्रिय 14 हजार, प्रजापति 12 हजार, त्यागी 10 हजार, वाल्मीकि व कश्यप 9–9 हजार, गोस्वामी 8 हजार, कोरी–सैनी 6.5–6.5 हजार व अन्य। सरधनाः भाजपा से फायरब्रांड नेता संगीत सोम विधायक हैं। दूसरी बार विधायक बने हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 70 हजार, जाटव 52 हजार, गुर्जर 44 हजार, क्षत्रिय 43 हजार, जाट 40 हजार, सैनी 30 हजार, प्रजापति 15 हजार, गोस्वामी 9 हजार, कश्यप 8 हजार, वाल्मीकि व पाल 7–7 हजार, वैश्य–जैन 6 हजार, ब्राह्मण 4 हजार व अन्य। हस्तिनापुरः भाजपा से दिनेश खटीक विधायक हैं। जातिगत समीकरण : जाटव करीब 71 हजार, मुस्लिम 65 हजार, गुर्जर 51हजार, जाट 27 हजार, वाल्मीकि 13 हजार, ब्राह्मण 12 हजार, वैश्य–जैन 11 हजार, क्षत्रिय व कश्यप 8–8 हजार, त्यागी 7 हजार, पंजाबी 5 हजार व अन्य। मेरठ शहरः समाजवादी पार्टी के रफीक अंसारी विधायक हैं। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.40 लाख, वैश्य–जैन 50 हजार, जाटव 41 हजार, ब्राह्मण 35 हजार, गुर्जर 20 हजार, पंजाबी 10 हजार, वाल्मीकि 7 हजार, सैनी व प्रजापति 5–5 हजार एवं अन्य। मेरठ दक्षिणः भाजपा से सोमेंद्र तोमर विधायक हैं। पहली बार विधायक बने। जातिगत समीकरण : मुस्लिम करीब 1.45 लाख, जाटव 75 हजार, वैश्य–जैन 45 हजार, ब्राह्मण 41 हजार, गुर्जर 40 हजार, जाट 23 हजार, प्रजापति17 हजार, वाल्मीकि 14 हजार, सैनी 13 हजार, गोस्वामी 12 हजार एवं अन्य। किठौर : भाजपा से सत्यवीर त्यागी विधायक हैं।

## संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उ0प्र0 ने पांच दिसंबर को सरकार जगाओ महासम्मेलन का किया बृहद आयोजन

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ द्वारा संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उ0प्र0 के साथ प्रदेश के कर्मचारियों शिक्षको की लम्बित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के सन्दर्भ में पूर्व घोषित कार्यक्रमों के अनुसार पूर्ण भागीदारी करते हुए कर्मचारियों एवं शिक्षकों की मांगों को पूरा करानें के लिए जिनमें प्रमुख मांगे – पुरानी पेंशन ( ओ0पी0एस0 ) की बहाली, कर्मचारियों के सी0सी0ए0 व परिवार नियोजन इत्यादि कई अन्य भत्तों की बहाली, निजी करण एवं आउटसोर्सिंग पर रोक लगानें, स्कीम वर्कर्स ( आंगनबाड़ी, आशा बहु व रसोइयां आदि) को न्यूनतम 18000 प्रतिमाह दिये जानें, शिक्षामित्रों की नियमावली में संशोधन कर उन्हें सहायक अध्यापक पद पर समायोजित/नियमित किये जानें, कनिष्ठ सहायक का ग्रेड पे – रु 2400 एवं प्रशासनिक अधिकारी का ग्रेड पे– 4800 व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी का ग्रेड पे– 5400 किये जानें, सिंचाई विभाग के सींचपाल, नलकूप चालक की सेवा नियमावली – 1953 एवं 1954 को यथा संशोधित सेवा नियमावली प्रख्यापित कराये जानें, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के पारित निर्णय दिनांक 02.09.2019 का अनुपालन कराते हुए कार्यप्रभारी अधिष्ठान में विनियमित कर्मचारियों की कार्यप्रभारित अवधि की सेवा को जोड़ते हुए पेंशन दिये जानें, लम्बित कैशलेश चिकित्सा व्यवस्था को कर्मचारियों व शिक्षको पर शीघ्र लागू करानें, पंचायतीराज में नियुक्त सफाई कर्मियों की विभागी सेवा नियमावली बनाये जानें एवं उनकी प्रोन्नति कराये जानें, लोक निर्माण विभाग में नियुक्त मेंटों को 16.11.2011 से ग्रेड पे– 1900 के आधार पर सिंचाई विभाग के मेंटों को भी ग्रेड पे– 1900 दिये जानें संमस्त समवर्गों के लिए ग्रेड पे – 4800 में सम्मिलित करानें , प्रदेश के शिक्षणेत्तर कर्मियों ( प्राथमिक/ माध्यमिक/उच्च एवं प्राविधिक शिक्षा ) को राज्य कर्मियों की भांति 300 दिवस का अर्जित अवकाश दिये जानें, महंगाई भत्ते का अवशेष एरियर भुगतान किये जानें, समूह ग एवं घ के रिक्त पदों पर भर्ती रोक हटाये जानें बेसिक शिक्षा परिषद में मृतक आश्रित के अधीन नियुक्त कार्मिको का शैक्षिक योग्यतानुसार पदोन्नति किये जानें, कोरोना काल में मृतक शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारियों की ड्यूटी में निधन होनें वाले को 50 लाख रु अनुग्रह राशि एवं नौकरी इत्यादि दिये जानें, आदि 17 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व में 17 नवंबर को प्रदेश के समस्त जनपद मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन के साथ ज्ञापन दिया गया था एवं मांगों पर विचार न होनें पर 5 दिसंबर कल रविवार को लखनऊ में गांधी भवन सभागार के निकट शहीद स्मारक पर 10:00 बजे से सरकार जगाओ महासम्मेलन का आयोजन किया गया है, संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उ0प्र0 द्वारा हमारे लखनऊ संवाददाता को बताया गया कि यदि सरकार द्वारा कर्मचारी एवं शिक्षकों की मांगो पर विचार नहीं किया गया तो हम लोगो को आगे संघर्ष के लिए निर्णय लेना,संगठन की बाध्यता होगी।

## धरौनी ड्रोन सर्वेक्षण कार्यों का संयुक्त सचिव भारत सरकार ने किया समीक्षा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : स्वामित्व योजना के अंतर्गत धरौनी ड्रोन सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग संयुक्त सचिव पंचायती राज भारत सरकार ने गोरखपुर एनआईसी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में सीआरओ सुशील कुमार गौड़ सहित अन्य से कहा कि स्वामित्व योजना मा प्रधानमंत्री की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रो में घरों के मालिकों को अधिकार सम्बन्धी रिकार्ड से संबद्ध सम्पत्ति कार्ड उपलब्ध कराना है जिसके तहत जनपद के प्रत्येक गांव को ड्रोन के माध्यम से मैपिंग किया जा रहा जिसकी विस्तृत जानकारी ली। उन्होने कहा कि स्वामित्व योजना के कार्यो में तेजी लाने की जरूरत है। इसके लिये सम्बन्धित अधिकारी अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करे ताकि लक्ष्य को समय से पूर्ण किया जा सकें। सीआरओ सुशील कुमार गौड़ ने बताया कि अब तक गोरखपुर जनपद में 83 ग्राम सभाओं का धरौनी ड्रोन सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है गोरखपुर जनपद के 3044 गांव में से आबादी युक्त 2304 गांव का धरौनी ड्रोन कैमरा से सर्वेक्षण करना हैं उसमें से 217 गांव का घरौनी ड्रोन सर्वेक्षण कार्य का नक्शा बन चुका है जिसमें 3 ग्राम सभा के त्रुटियों की वजह से वापस कर दिया गया है 214 राजस्व परिषद कार्यालय में नक्शा जमा कर दिया गया है जिसका संबंधित अधिकारी सर्वेक्षण कार्य कर रहे है इनमें से 83 ग्राम सभाओं का ड्रोन सर्वेक्षण सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए पूरा कर लिया गया है बस प्रमाण पत्र बांटना शेष रह गया है जिसमें पायलट प्रोजेक्ट के तहत 7 गांव सदर तहसील व 76 ग्राम सभा सहजनवा तहसील के सम्मिलित हैं जनपद के बचे हुए ग्राम सभाओं का राजस्व विभाग के कर्मचारी रात दिन मेहनत करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने अपने कार्यों में लगे हुए हैं ड्रोन कैमरा से सर्वेक्षण कार्यों को पूर्ण हो जाने से ग्राम सभाओं में चल रहे आपसी जमीन विवाद का समाधान समाप्त होने के कगार पर पहुंच जाएगा जिसके लिए शासन–प्रशासन अपने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए धरौनी ड्रोन सर्वेक्षण कार्यो का अमली जामा पहनाने में लगा हुआ है कि उक्त जमीनों पर मालिकाना हक जिसका है उसको दिया जा सके और भूमि विवाद की समस्याओं का निराकरण स्थाई तौर पर किया जा सके।

## अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस पर जिलास्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग जन दिवस पर आज दिनांक 3 दिसम्बर 2021को समेकित शिक्षा के अन्तर्गत विशिष्ट आवश्कता वाले बच्चों (दिव्यांग बच्चों) का जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन श्रीमान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर, श्री गोरखनाथ पटेल के कुशल निर्देशन में डायट प्रांगण में आयोजित किया गया। इसके साथ ही आज दिव्यांग मतदाता दिवस अभियान भी चलाया गया जिसमें दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान जिला अधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा मौजूद रहे। गहना कोठी जौनपुर के प्रोपराइटर द्वारा बाच्चो को गर्म कपड़े वितरित किये गये।खेलकूद प्रतियोगिता में मड़ियाहूं ब्लाक से श्रीमान खंड शिक्षा अधिकारी श्री मनोज कुमार यादव के संरक्षण में प्रतिभाग किये कन्या कम्पोजिट विद्यालय शुदनीपुर की बालिका शिल्पा यादव कक्षा–4 जलेबी दौड़ में प्रथम स्थान पर रहीं एवं साधना यादव कक्षा–4 द्वितीय स्थान पर रहीं।इसी तरह केला दौड़ में शिल्पा यादव प्रथम रही। विशेष आ इ टी टीचर सुनीता कुशवाहा के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें मड़ियाहूं ब्लाक के बच्चे प्रथम स्थान पर रहे। इन बच्चों को श्रीमान जिला अधिकारी जौनपुर, श्रीमान बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर एवं आकांक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती अनीता राज द्वारा प्रशस्ति पत्र,मेडल एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मड़ियाहूं ब्लाक के बच्चों का जिले स्तर पर प्रतिभाग कराने के लिए कन्या प्राथमिक विद्यालय



शुदनीपुर के प्रधानाध्यापक श्री लालबहादुर यादव एवं स.अ. राजबहादुर यादव ने विशेष भूमिका निभाई।मड़ियाहूं के अच्छेलाल यादव सचिन्द्र मिश्र ने खेल को संपादित कराया।कार्यक्रम का संचालन सुशील सिंह जी ने किया जिसमें जिलाधिकारी जौनपुर,आकांशा समिति की अध्यक्ष अनीता राज ,बी एस ए श्री गोरखनाथ पटेल जी ने अपने विचार व्यक्त किये।सिकरारा ब्लाक से अध्यक्ष श्री अमित सिंह एवं संगठन मंत्री श्रीअस्विनी सिंह जी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर जिला समन्वयक समेकित शिक्षा श्रीमती शोभा तिवारी जी ने उपस्थित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी ,समन्वयक प्रशिक्षण के साथ उपस्थित समस्त आईटी शिक्षक एवं दिव्यांग बाच्चो सहित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु की गयी बैठक

जौनपुर सू.वि. : राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एम0पी0 सिंह, के संरक्षण में 11 दिसम्बर 2021 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु माननीय जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में 03 दिसम्बर 2021 को समय 04:30 बजे विश्राम कक्ष, में



बैठक आहूत की गयी। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एम0 पी0 सिंह, द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण निर्देशित किया गया कि आगामी लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हित वादों में समन/नोटिस प्रेषित कर तामिला सुनिश्चित करायें व पक्षकारों को प्रेरित कर अधिकाधिक मामलों में सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें ताकि अधिकतम लोगों को लाभान्वित कराया जा सके। इस बैठक में सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत के मामलों के निस्तारण से होने वाले लाभ जैसे–निस्तारण हेतु किसी प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं होना। लोक अदालत में निस्तारण कर लम्बित मामलों मे न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था लोक अदालत के निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं होना आदि। बैठक को आगे बढ़ाते हुए आमजन से अपील की गयी कि लोक अदालत में वादों का निस्तारण कराकर फिजूलखर्ची एवं अनावश्यक भागदौड़ से बचें। बैठक को सफल बनाने में अपर जिला जज प्रथम, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय व अन्य सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन ने दिया एक दिवसीय धरना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उ0प्र0 द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में 04 दिसम्बर को पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन जनपद शाखा जौनपुर द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय जनपद जौनपुर पर एक दिवसीय धरना दिया गया ।धरने पर उपस्थित फार्मेसिस्ट संवर्ग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रदेश में कार्यरत फार्मेसिस्ट एवं संवर्ग के उच्च पदों के



वेतनमान पद योग्यता एवं कार्यदायित्व के अनुरूप प्रदान न किये जाने पर रोष व्यक्ति किया ।धरने पर उपस्थित फार्मेसिस्ट समुदाय ने प्रभार भत्ता बढ़ाये जाने , पदनाम परिवर्तित किये जाने , औषधियों का नुस्खा लिखने का अधिकार दिये जाने , उपकेन्द्रों व वेलनेस सेन्टर पर तैनात किये जाने वाले सी ० एच ० ओ ० की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता में डिप्लोमा फार्मेसी / बैचलर फार्मेसी को शामिल किये जाने , पदों के सृजन के मानक में संशोधन किये जाने की सरकार से माँग की । धरने पर उपसिथत फार्मेसिस्ट समुदाय ने यह भी निर्णय लिया कि डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन् उ ० प्र ० के 20 सूत्रीय मांग पत्र पर यदि सकरात्मक निर्णय लेकर शासनादेश निर्गत नहीं किये जाते हैं तो जनपद के फार्मेसिस्ट संवर्ग के समस्त अधिकारी / कर्मचारी निम्न कार्यक्रम के अनुसार आन्दोलन करेंगे । 1 दिनांक 05.12.2021 से दिनांक 08.12.2021 तक फार्मेसिस्ट संवर्ग के समस्त अधिकारी / कर्मचारी काला फीता बांधकर अपनी मांगों के प्रति सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगे और अपना विरोध दर्ज करायेंगे । दिनांक 09.12.2021 से दिनांक 16.12.2021 तक फार्मेसिस्ट संवर्ग के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी प्रातः दो घंटे कार्य बहिष्कार करेंगे जिसमें आकस्मिक सेवायें / पोस्टमार्टम सेवायें बाधित नहीं होगी । 2 3 दिनांक 17.12.2021 से दिनांक 19.12.2021 तक पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार करेंगे जिसमें आकस्मिक सेवायें जारी रहेंगी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
घर बड़ा हो या छोटा, अगर मिठास न हो तो इंसान तो क्या चींटियां भी नहीं आती–
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# नीतिगत निष्क्रियता का हासिल : परेशान करने वाली रिपोर्ट

देश के सूक्ष्म, लघु और मझोले आकार के अनौपचारिक क्षेत्र के उद्योगों को प्रोत्साहित करके बड़ी कामयाबी हासिल की जा सकती थी, क्योंकि यूरोप, कनाडा और अमेरिका के साथ व्यापार सौदों के तहत एक बड़े बाजार तक पहुंच की संभावना पहले से है। पर जो हालात हैं, उसमें सुधार के आसार नहीं दिख रहे हैं।

नवंबर महीने की शुरुआत में, तीन परेशान करने वाली रिपोर्ट सामने आईं। 54.6 लाख भारतीयों ने अक्तूबर में अपनी नौकरी गंवा दी। सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार, विशेष रूप से 2016–17 के 15.66 फीसदी की तुलना में 2020–21 में हमारी युवा बेरोजगारी दर 28.26 फीसदी थी। अगस्त 2021 तक देश के सभी रोजगार योग्य युवाओं में से 33 फीसदी के बेरोजगार होने का अनुमान लगाया गया था। दो करोड़ भारतीय सालाना नौकरी के बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, जाहिर है कि इसके मुकाबले नौकरियां कुछ ही पैदा हो रही हैं।

रोजी–रोजगार के लिहाज से अनौपचारिक क्षेत्र देश में एक स्वाभाविक ताकत (बैकअप) है। पर नोटबंदी, जीएसटी और लॉकडाउन के कारण इसकी भी स्वाभाविकता पर खतरा बढ़ा है। इस दौरान निश्चित रूप से भारत ने एक प्रतिस्पर्धी रेडीमेड गारमेंट उद्योग विकसित करके लाखों रोजगार सृजित करने के अवसर का लाभ उठाया है। खासतौर पर 2019–20 में परिधान निर्यात 27.95 अरब डॉलर का हुआ। यह आंकड़ा बांग्लादेश की बराबरी का है। पर यह संभावना और दरकार के लिहाज से मामूली उपलब्धि है।

देश के सूक्ष्म, लघु और मझोले आकार के अनौपचारिक क्षेत्र के उद्योगों को प्रोत्साहित करके बड़ी कामयाबी हासिल की जा सकती थी, क्योंकि यूरोप, कनाडा और अमेरिका के साथ व्यापार सौदों के तहत एक बड़े बाजार तक पहुंच की संभावना पहले से है। पर जो हालात हैं, उसमें सुधार के आसार नहीं दिख रहे हैं। आलम यह है कि 2015 और 2019 के बीच भारत का कपड़ा निर्यात लगभग सपाट रहा। जाहिर है कि यह नीतिगत निष्क्रियता का हासिल है।

1.2 करोड़ नौकरियां (तीस लाख प्रत्यक्ष और नब्बे लाख अप्रत्यक्ष, विश्व बैंक, 2017) पिछले एक दशक में चीन से बांग्लादेश में स्थानांतरित हो गई हैं। भारत इस अनुकूलता का लाभ उठाता, तो देश में 'टेक्सटाइल ईकोसिस्टम' में अपेक्षित सुधार संभव था। पर ऐसा कुछ नहीं हुआ। जो हालात हैं, उनमें कानपुर जैसे शहरों में 'लाल इमली' जैसी बड़ी मिल जंग खा रही है। ऐसी बड़ी मिलों की यह दुर्दशा बार–बार इस नाकामी की याद दिलाती हैं कि भारत अगला चीन हो सकता था।

इस बीच, भारतीयों के लिए दैनिक आवागमन का खर्च जेब पर खासा भारी पड़ रहा है। नवंबर में ज्यादातर शहरों में पेट्रोल की कीमत सौ रुपये प्रति लीटर से ऊपर पहुंच चुकी थी। ब्लूमबर्ग के इसी साल जून के एक आंकड़े के मुताबिक ईंधन की कीमतों में यह तेज उछाल करों में भारी वृद्धि के कारण है। पेट्रोल पर तीन गुना और डीजल पर सात गुना कर बीते सात सालों में बढ़े हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को अपेक्षित तौर पर बढ़ाने से स्थिति में फर्क पड़ सकता है।

एक आकलन के मुताबिक अगर सब कुछ उम्मीद के मुताबिक रहे, तो 2030 तक देश में तेल के उपभोग को 15.6 करोड़ टन यानी 3.5 लाख करोड़ रुपये तक कम करने में मदद मिलेगी। इस तरह के उपायों के जरिये देश में औसत आय का 17 फीसदी सालाना तक बचाया जा सकता है। इन सबके अलावा देश में रसोई का खर्च बीते कुछ सालों में खुदरा महंगाई बढ़ने से बेतहाशा बढ़ा है। इस साल जनवरी से अक्तूबर के बीच रसोई गैस के दामों में 30 फीसदी का इजाफा हुआ है।

इस दौरान खाद्य तेलों के विभिन्न प्रकार की कीमतों में भी भारी वृद्धि हुई है। अकेले देश की राजधानी की बात करें, तो यहां जून, 2020 से जून, 2021 के बीच पैकेज्ड सरसों और वनस्पति तेल की कीमत 30 फीसदी, जबकि सूर्यमुखी के तेल की कीमत में 40 फीसदी तक का उछाल आया है। कीमतों में इस अनपेक्षित वृद्धि का एक कारण पाम ऑयल के आयात पर निर्भरता है। दिलचस्प है कि बाकी तेल के मामले में भारत 1990 के दशक से ही आत्मनिर्भरता की स्थिति को प्राप्त कर चुका है।

कीमतों में वृद्धि की यह स्थिति बायोडीजल को तरजीह देने से भी बनी है। जोर इस बात पर भी होना चाहिए कि पाम ऑयल के आयात पर कर–शुल्कों में कमी लाई जाए। साथ ही अगर स्थानीय उत्पाद (खासतौर पर सरसों और सूर्यमुखी के तेल) की खपत बाजार में बढ़ाने के लिए अभियान चलाए जाएं, तो विश्व बाजार से नियंत्रित होने वाली कीमतों से निपटने में कारगर मदद मिलेगी। महंगाई का तो आलम यहां तक पहुंच गया है कि आम इस्तेमाल में आने वाली साग–सब्जी के दाम भी बेतहाशा बढ़े हैं।

सितंबर महीने तक 28 रुपये किलो मिलने वाले टमाटर का भाव नवंबर में 54 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है। ज्यादातर सब्जियों के भाव अक्तूबर में 14.2 फीसदी तक बढ़े हैं। महंगाई के इस प्रसार से नेस्ले, पारले, आईटीसी जैसी कंपनियों के भी रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले उत्पाद अछूते नहीं हैं। पिछले साल नवंबर के मुकाबले एक साल में इनके या तो 20 फीसदी तक दाम बढ़े हैं या फिर इनकी पैकिंग का वजन और आकार कम हो गया है।

इन तमाम स्थितियों ने मिलकर भारतीयों को और गरीब बना दिया है। हालात से निपटने के लिए इस दौरान आम भारतीयों ने बड़े पैमाने पर निजी कर्ज का सहारा लिया है। कोविड–19 से पहले 2012 और 2018 के बीच, ऋणग्रस्त भारतीय परिवारों की संख्या में काफी वृद्धि हुई। 2018 में 35 फीसदी ग्रामीण परिवार 22.4 फीसदी शहरी परिवार कर्ज की चक्की में पिसने को मोहताज हुए। आलम यह हुआ कि औसत ग्रामीण परिवार पर 59,728 रुपये तो औसत शहरी परिवार पर इसके दोगुना कर्ज का बोझ आ गया।

परिवारों की खस्ताहाली इस सूरत तक पहुंच गई कि लोगों को घर के जेवर तक गिरबी रखने पड़ रहे हैं। इस तरह के बकाया कर्ज का आंकड़ा अगस्त 2020 से जुलाई 2021 तक चढ़कर 77.4 फीसदी तक पहुंच गया। यह सब देश में गरीबी के एक गहरे और व्यापक दुष्चक्र को रच रहा है। इस दुरावस्था का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि गरीब भारतीयों की संख्या (जिनकी क्रय शक्ति प्रतिदिन दो डॉलर से कम या उसके बराबर दैनिक आय हो) 2020 में 5.9 करोड़ से बढ़कर 2021 में 13.4 करोड़ तक पहुंच गई है।

स्थिति में सुधार के लिए नए सिरे से पहल करनी होगी। खासतौर पर कॉरपोरेट राहत के बजाय आमलोगों के कर राहत के बारे में सोचना होगा। रिजर्व बैंक को क्रिप्टोकरेंसी पर बहस करने, मुद्रास्फीति नियंत्रित करने पर जोर देने के बजाय रोजगार बढ़ाने की नीति अपनानी होगी। इससे पहले कि भारत की शिनाख्त दक्षिण एशिया के सबसे गरीब और मोहताज मुल्क के तौर पर होने लगे, हमें अपनी नीति, राह और सोच बदल लेनी चाहिए।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## महाप्रबंधक ने किया पिलखुवा गन्ना तौल केंद्र का निरीक्षण

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के रोजा गांव चीनी मिल से संबंधित क्षेत्र के सबसे बड़े गन्ना तौल केंद्र पिलखुवा का निरीक्षण रोजा गांव चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना इकबाल सिंह ने किया।उनके साथ उप गन्ना प्रबंधक प्रेम सिंह भी मौजूद थे।इस मौके पर मौजूद गन्ना निरीक्षक विनय सिंह को निर्देशित करते हुए इकबाल सिंह ने कहा कि गन्ना तौल केंद्रों पर आने वाले गन्ने की खरीद प्रजाति वार की जाए तथा गन्ना पूरी तरह साफ सुथरा तथा जड़ व अकोला रहित होना चाहिए क्रय केंद्र पर आने वाले किसानों को ठंड में किसी भी प्रकार की परेशानी ना होने पाए इसके लिए अलाव जलता रहना चाहिए तथा पीने के पानी की भी व्यवस्था होनी चाहिए श्री सिंह ने बताया की गन्ना किसान वा मिल दोनों एक दूसरे के पूरक हैं इसलिए दोनों पक्षों को एक दूसरे की भावनाओं का आदर करना चाहिए इकबाल सिंह ने बताया की रोजा गांव चीनी मिल शुरू से ही पर्ची वितरण व भुगतान में सदैव अव्वल रही है तथा हमारा प्रबंध तंत्र किसानों के सुविधा में सदैव तत्पर रहता है।

## घाघरा पंप नहर मार्ग के मरम्मतीकरण कार्य का लोकार्पण विधायक प्रतिनिधि डा.अमित सिंह चौहान ने फीता काटकर कर किया

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) सोहावल क्षेत्र के चौधरी चरण सिंह सिंचाई खंड अयोध्या द्वारा करीब दो किलोमीटर तक घाघरा पंप नहर से चलकर मंगलसी पुल के पास नेशनल हाईवे पर जाकर मिलने वाले घाघरा पंप नहर मार्ग के मरम्मतीकरण कार्य का लोकार्पण विधायक शोभा सिंह चौहान व उनके प्रतिनिधि डा. अमित सिंह चौहान ने फीता काटकर कर किया गया। इस दौरान लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए डा.अमित सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार में सर्व समाज का हित सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को बिजली,पानी के अतिरिक्त सिंचाई के खेतों तक जाने वाले किसानों व ग्रामीणों के आवागमन के लिए सड़क निर्माण का जाल बिछा रही है। उन्होंने कहा नहर पटरी पर सड़क निर्माण से दो पहिया व चार पहिया वाहनों के यातायात के अलावां किसानों को खेती किसानी के लिए ट्रेक्टर –ट्राली लेकर जाने में सुविधा मिलेगी। इस दौरान किसानों ने नहर में अविलंब पानी छोडवाने की मांग किया। किसानों



ने कहा कि नहर में पानी न होने से सिंचाई बाधित हो रही है। इस अवसर पर एसडीओ नहर रामरूप प्रसाद,जेई मनीष कुमार वर्मा, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, राजेश तिवारी,रमेश सिंह 'नानमून',विनोद रावत,दशरथ लाल,सक्खू,दर्शनलाल, रामचंद्र, रामतीर्थ, झब्बू,रामवचन,रामचरण,रामकलप शिवा,जाबिर, शिवलाल, राकेश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस का कुनबा बढ़ा : हिन्दू वाहिनी और बसपा समेत कई पार्टियों के नेता हुए शामिल

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि कांग्रेस लगातार जनता के मुद्दों को उठा रही है। सड़क पर उतर कर सबकी लड़ाई लड़ रही है। सपा, बसपा और भाजपा सरकारों ने प्रदेश में रोजगार, उद्योग चौपट कर दिए और बेरोजगारी बढ़ गईद। अब जनता पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में 2022 में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। वह विभिन्न पार्टी से कांग्रेस की सदस्यता लेने वाले नेताओं को सम्बोधित कर रहे थे। शुक्रवार को देवरिया के हिन्दू युवा वाहिनी के नेता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनिल चौरसिया, बसपा जिला प्रभारी आनंद प्रकाश भारती, बसपा के विधानसभा अध्यक्ष हरिप्रसाद, मछुआरा समिति के नेता पारसनाथ निषाद, राजेश कुमार मौर्य, संजय कुशवाहा समेत कई नेताओं ने शुक्रवार को कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चंद्र यादव के नेतृत्व में देवरिया से आए नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू से मुलाकात की और पार्टी में अपनी आस्था व्यक्त की।

## घर के बरामदे में सो रहे ग्राम प्रधान के सिर व सीने में मारी गोली : घटनास्थल पर ही मौत

अमेठी ब्यूरो : अमेठी जिले के मुसाफिरखाना क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर गांव में शुक्रवार को घर के बरामदे में सो रहे ग्राम प्रधान के सिर व सीने में गोली मार दी गयी जिससे ग्राम प्रधान की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस की टीम ने घटना की छानबीन शुरू की। रात में पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने घटना की जानकारी ली। एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। घटना से जहां परिजनों में कोहराम मचा है, वही गांव के लोग स्तब्ध हैं। कोतवाली क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर के गुरु शरण यादव ग्राम प्रधान थे। वे रोज की तरह भोजन के बाद रात में घर के बरामदे में सो रहे थे। शुक्रवार की रात लगभग 12 पहुंचे अज्ञात लोगों ने प्रधान के सिर व सीने पर गोली मार दी। गोली आवाज सुनकर प्रधान की पत्नी केवला घर से निकली तो, वे खून से लथपथ पड़े थे। इसी समय छत पर सो रहा प्रधान का लड़का गिरेंद्र भी पहुंच गया। जब तक परिवार के लोग एकत्र हुए प्रधान गुरुशरण (59) की मौत हो चुकी थी। घटना से घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी। देखते ही देखते गांव के लोग एकत्र हो गए। सूचना



पर कोतवाली पुलिस, क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार पहुंच गए। घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक ने मातहतों से जानकारी कर आवश्यक निर्देश दिए। रात में ही एहतियातन पीएसी बुलाकर गांव में तैनात कर दी गयी। घटना की तहरीर प्रधान के बड़े पुत्र सत्येंद्र ने अज्ञात के खिलाफ दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अल्टीमेट कराटे लीग का धमाकेदार आगाज: पहले मुकाबले में यूपी रेबल्स का जीत से आगाज, दिल्ली ब्रेवहार्ट को हराया

लखनऊ ब्यूरो : मैन ऑफ द मैच रोहित तिवारी के करिश्माई प्रदर्शन की बदौलत यूपी रेबल्स ने अल्टीमेट कराटे लीग (यूकेएल) में धमाकेदार आगाज किया। टीम ने आसान मुकाबले में दिल्ली ब्रेवहार्ट को 166–136 अंकों के अंतर से पराजित किया। यूपी बैडमिंटन अकादमी में शुरू हुई लीग के पहले मुकाबले में गर्ल्स बाउट के आधार पर टास दिल्ली के नाम रहा और टीम ने पहले डिफेंड का फैसला किया। यूपी की ओर से रोहित ने पहली रेड में दिल्ली की टीम को झकझोर दिया और तीनों खिलाड़ियों को मात दी। धमाकेदार शुरुआत के बाद यूपी टीम ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मध्यांतर तक रेबल्स की टीम ने 124–69 के विशाल अंतर से बढ़त बना ली थी। दूसरे हाफ में दिल्ली के खिलाड़ियों ने वापसी की लेकिन शुरुआती अंक खोने के कारण मुकाबला जीत नहीं सके।मैच के दौरान विजेता टीम से रोहित ने गजब का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा अंक बनाए। लीग के तहत शनिवार को मुंबई निंजा बनाम बंगलूरू किंग्स और पंजाब फाइटर्स बनाम पुणे डिवाइन के बीच मैच खेले जाएंगे।इससे पहले प्रदेश के विधि एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक ने




प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मौके पर राजा कौशलेंद्र सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मीडिया सलाहकार मृत्युंजय कुमार समेत अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर गायिका अकीरा ने अपने गानों से खेलप्रेमियों को रोमांचित कर दिया।विजेता टीम– सत्यपाल (कप्तान), अर्टस्टर्न ओहानयान (आर्मेनिया), रोहित तिवारी, रंजीत कुमार, राहुल कुमार, कासिफ अहमद, अंजलि भाटी। उपविजेता टीम–कुलदीप सिंह डागर (कप्तान), माइकल सोवा (पोलैंड), मनजीत सिंह, वेदवीर सिंह, लक्ष्य माथुर, मो. शाहबाज, योगिता यादव।

## उपमन्यु वाटिका (विजय खंड 2) के विकास और सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण समारोह सम्पन्न

आर एल पाण्डेय लखनऊ। अमृत योजना के अंतर्गत उपमन्यु वाटिका (विजय खंड 2) के विकास और सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण उत्तर प्रदेश सरकार के विधि एवम न्याय मंत्री बृजेश पाठक और नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन के कर कमलों के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के अध्यक्ष प्रो0 (डॉ०)बी०एन० सिंह, महासचिव डॉ०राघवेंद्र शुक्ल,अपर मुख्य सचिव रजनीश दुबे, नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी, अनुराग यादव सचिव ,पार्षद राजेश सिंह गब्बर, रामकृष्ण यादव, शैलेन्द्र वर्मा, अरुण राय , गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के सचिवगण आलोक मिश्र, सी0जी0 नायर, आर0पी0 शुक्ल, अमित शर्मा (आई०टी० प्रभारी),महिला प्रभारी नंदिनी मिश्रा, धर्म जागरण प्रमुख मनोज , दीपा टंडन ,श्रीमती अर्चना शुक्ल तथा समस्त महिला कार्यसमिति की सदस्यगण व अन्य गोमतीनगर के सम्मानित निवासी उपस्थित थे। अपने सम्बोधन में माननीय नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा कराए जा रहे नगर विकास का विवरण दिया। विधि एवम न्याय मंत्री बृजेश पाठक से सभी को इस उपवन पार्क के सौंदर्यीकरण की बधाई दी। अपने धन्यवाद वक्तव्य में नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने नगर विकास मंत्री जी के उपवन पार्क में म्यूजिक को लगाए जाने के सुझाव को तत्काल प्रभाव




से लागू करने का आश्वासन दिया। मीडिया को सम्बोधित करते हुए महासचिव डॉ राघवेन्द्र शुक्ल जी ने सभी गोमतीनगर वासियों को इस पार्क के सौंदर्यीकरण की बधाई दी और कहा कि महासमिति इसीप्रकार से लगातार जनमानस की सेवा में निरंतर कार्य करती रहेगी साथ ही साथ शासन और प्रशासन को साधारण जनमानस की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रतिबद्ध रहेगी।

## पीएम रैली में आने वाले वाहनों के पार्किंग स्थल का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फटलाइजर यूआरएल उद्घाटन कार्यक्रम से पहले जिला प्रशासन अपनी तरफ से कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहता है जिसके लिए जिलाधिकारी विजय किरन आनंद हर स्थानों पर पहुंचकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे हैं जिससे सीएम के आगमन से पहले सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गोरखपुर आगमन को लेकर जिला प्रशासन जिलाधिकारी विजय किरन आनंद पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया कि पार्किंग व आवागमन सुचारू रूप से संचालित संचालित हो सके आने वाली किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो उसका संबंधित अधिकारीगण पूरा ध्यान रखें जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर रैली में आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए उनके वाहनों को व्यवस्थित स्थानों पर सुव्यवस्थित रखवाया जाए जिससे उसे रैली समाप्त होने के बाद किसी प्रकार की असुविधा ना होने पाए और वह समय से अपने गंतव्य तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट गोरखपुर का खाद कारखाना खेतों की हरियाली और रोजगार के क्षेत्र में खुशहाली लाने को पूरी तरह तैयार हो चुका। इस खाद कारखाने से प्रतिवर्ष 12.7 लाख मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया का उत्पादन होगा। इतने बड़े पैमाने पर खाद उत्पादन से देश के सकल खाद आयात में भारी कमी आएगी तो आत्मनिर्भरता का दम भी दिखेगा। निरीक्षण के दौरान रेडियम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## प्रदेश सरकार की बेरुखी के कारण मोर्चा द्वारा करनी पड़ रही 9 दिसंबर से कार्य बंदी

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा कई बार मुख्यमंत्री जी एवं मुख्य सचिव को आंदोलनों के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया परंतु खेद है कि मुख्यमंत्री जी तो हस्तक्षेप नहीं करते हैं। मुख्य सचिव कुछ तथाकथित लोगों से बात करते हैं जो किसी संगठन के पदाधिकारी नहीं है। मोर्चा के अध्यक्ष वी.पी. मिश्र एवं महासचिव श्री शशि कुमार मिश्र ने बताया कि प्रदेश सरकार के सर्वोच्च अधिकारी उन कर्मचारियों की मांगों पर निर्णय नहीं कर रहे हैं जो कोविड–19 की बीमारी के इलाज में अहम भूमिका रहे हैं जैसे डिप्लोमा फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्रिस्ट आदि तथा नर्सेज के वेतन एवं पदनाम परिवर्तन आदि मामले हैं। सिंचाई व्यापार कर आदि के कई संवर्गो की नियमावलियां, स्थानीय निकायों के दिसंबर 2001 तक के दैनिक कर्मचारियों का विनियमितीकरण पदों का पुनर्गठन एवं वेतन विसंगतियां विकास प्राधिकरण के सम वर्गों का पुनर्गठन पदनाम परिवर्तन आदि संवर्ग सहित सभी राजकीय निगमों के कर्मचारियों को घाटे के नाम पर सातवें वेतन आयोग का लागू न करने महंगाई भत्ता का भुगतान नियमावली करण सेवानिवृत्ति का लाभ नहीं दिए जा रहे हैं। कर्मचारी भुखमरी के कगार पर है। दोनों नेताओं ने खेद व्यक्त किया है कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। वेतन समिति की रिपोर्ट 3 वर्ष से लागू नहीं हो रही है। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश में इस पर एक भी बैठक नहीं की है। प्रदेश का कर्मचारी नाराज एवं आक्रोशित है इसलिए आंदोलन करना पड़ रहा है। कर्मचारियों एवं शिक्षकों की नाराजगी एवं आक्रोश भविष्य चुनाव में सत्ताधारी दल के लिए भारी पड़ेगा। मोर्चा ने प्रधानमंत्री जी एवं रक्षा मंत्री जी से हस्तक्षेप का आग्रह किया है जिससे आंदोलन को रोका जा सके।

## शादी में गई मासूम को अगवा कर किया दुष्कर्म : मुंह पर टेप चिपकाकर खेत में फेंका

लखनऊ ब्यूरो : बंथरा इलाके में शादी समारोह में शामिल होने गई सात साल की मासूम को युवक ने अगवा कर लिया। उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारापीटा और मुंह पर टेप चिपकाकर खेत में फेंक दिया। शुक्रवार सुबह मासूम खेत में बेसुध पड़ी मिली। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मासूम को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है। बंथरा की रहने वाली सात साल की मासूम परिवार के साथ बृहस्पतिवार रात को एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी। बरात में पड़ोस के गांव से 22 साल का शिवम आया था। देर रात को शादी समारोह में खाना और डांस चल रहा था। परिजन व रिश्तेदार उसमें व्यस्त थे। इसी दौरान शिवम मासूम को अपने साथ लेकर चला गया। उसने गांव के बाहर खेत में बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसकी पिटाई की। मासूम ने चीखपुकार शुरू की तो शिवम ने उसके मुंह पर टेप चिपका दी। वारदात के बाद आरोपी मासूम को धमकाते हुए खेत में छोड़कर भाग गया। परिजन पूरी रात करते रहे मासूम की तलाश। शादी समारोह से मासूम अचानक लापता हो गई। वहां उसके न दिखाई देने पर पूरे घर तलाश किया गया। लेकिन नहीं दिखी तो मासूम की तलाश में परिजन व रिश्तेदार जुट गये। पूरी रात तलाशने के बाद भी मासूम का कोई पता नहीं चल सका। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने मासूम को खेत में बेसुध पड़ा देखा। तो परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम की हालत बिगड़ती देख अस्पताल में भर्ती कराया। वीडियोग्राफी में साथ ले जाते दिखा आरोपी। वारदात की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बंथरा अजय प्रताप सिंह पहुंच गये। उन्होंने तत्काल अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर डीसीपी डॉ. ख्याति गर्ग, एडीसीपी मध्य राघवेंद्र मिश्रा पहुंच गये। उन्होंने वारदात स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान शादी समारोह में वीडियो रिकार्डिंग को खंगाला गया। जिसमें आरोपी शिवम मासूम को अपने साथ ले जाता हुआ दिखा। इसके बाद से वह शादी समारोह में वापस नहीं आई। वहीं शिवम भी लौटकर नहीं आया। पुलिस ने रिकार्डिंग के आधार पर शिवम की तलाश शुरू कर दी। एडीसीपी मध्य के मुताबिक आरोपी की तलाश में चार टीमें लगाई गई हैं। टीमें लगातार दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपी को दबोच लिया जाएगा। मड़ियांव में भी हो चुकी इस तरह की वारदात। मड़ियांव इलाके के आरएस पैलेस में 16 फरवरी 2020 को हरदोई से बारात आई थी। इसमें पांच माह की दूधमुंही अपनी मां के साथ पहुंची थी। देर रात करीब 11 बजे उसके ही रिश्तेदार युवक ने मां की गोद से खिलाने के बहाने लेकर निकला। उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद सुनसान इलाके में फेंककर चला गया। मासूम की तलाश शुरू की गई तो वह पास के खाली मैदान में पड़ी मिली। खून से लथपथ मासूम को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी रिश्तेदार युवक को गिरफ्तार कर लिया था।

# थाना सुरेरी पुलिस ने हत्या के मुकदमे से सम्बन्धित दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महोदय मड़ियाहूँ के निर्देशन मे थाना सुरेरी पुलिस द्वारा मु0अ0स0 131/21 धारा 302/201 भा0द0वि0 से सम्बन्धित वाँछित अभियुक्तगण 1. महेन्द्र पटेल पुत्र जिमेंदार पटेल निवासी ग्राम रामपुर निस्फी थाना सुरेरी जौनपुर 2. खरपत्तू पाल पुत्र स्व0 हरिनाथ पाल निवासी ग्राम नोनरा थाना सुरेरी जनपद जौनपुर को आज दिनांक 03.12.2021 को गिरफ्तार मा0 न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1. महेन्द्र पटेल पुत्र जिमेंदार पटेल निवासी ग्राम रामपुर निस्फी थाना सुरेरी जौनपुर। 2. खरपत्तू पाल पुत्र स्व0 हरिनाथ पाल निवासी ग्राम नोनरा थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। सम्बन्धित अभियोग– 1. मु0अ0स0 131/21 धारा 302/201 भा0द0वि0 थाना सुरेरी जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1– एक मुफलर सील सर्व मुहर। 2– एक कुदाल। 3– एक फावड़ा। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1. थानाध्यक्ष श्री राजनारायन चौरसिया थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 श्री इमामुद्दीन सिद्दीकी,उ0नि0 श्री रामप्रवेश यादव, हे0का0 श्रीप्रकाश तिवारी,हे0का0 रमेश सिंह ,हे0का0 अनिल सिंह, का0 राहुल यादव, का0 आशुतोष गुप्ता थाना सुरेरी जनपद जौनपुर।




# पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा चलाया जा रहा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधा/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जनपद के थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 05 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न प्रकार है:– थाना नेवढ़िया– थानाध्यक्ष कमलेश कुमार मय हमराहियान द्वारा दिनांक 02.12.2021 को समय 11.50 बजे एक वारण्टी मनोज सिंह पुत्र रामबहाल निवासी ग्राम अटरिया थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर उम्र करीब 47 वर्ष सम्बन्धित वारण्ट मु0नं0 184/18 धारा 147/323/324 भादवि थाना नेवढ़िया जौनपुर जारी द्वारा मा0 न्यायालय श्रीमान् एफ0टी0सी0 (एस0डी0) जौनपुर तारीख पेशी 22.12.2021 को उसके घर के सामने से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। थाना कोतवाली– थाना कोतवाली जनपद जौनपुर पुलिस द्वारा मुखवीर की सूचना पर एक वारण्टी अभियुक्त राघवेन्द्र पुत्र रामस्वारथ नि0 चाचकपुर थाना कोतवाली जनपद जौनपुर उम्र करीब 55 वर्ष को अभियुक्त के घर से सम्बन्धित वारण्ट दृमुकदमा नं0 मु0नं0– 344/12 मे आज दिनांक 03.12.21 को गिरफ्तार किया गया आवश्यक कार्यवाही की गयी। थाना जलालपुर– थाना जलालपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व वाहन चेकिंग/संदिग्ध व्यक्ति व वारन्टियो की तलाश के दौरान 1. कन्हैया राजभर पुत्र भवनाथ राजभर निवासी रेहटी थाना जलालपुर जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 4879/09 धारा 323/324/504 भादवि स्टेट राना सिंह थाना जलालपुर को समय करीब 8.10 बजे गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार कर बाद आवश्यक कार्यवाही मा0 न्यायालय पेश किया जायेगा। थाना खेतासराय– थाना खेतासराय पुलिस द्वारा आज दिनाँक–03.12.2021 को 2 वारंटी क्रमश 1. धीरज यादव पुत्र नानहक उर्फ सुभाष यादव 2. संदीप बिंद पुत्र सुबा बिंद निवासीगण पोरईखुर्द थाना खेतासराय जौनपुर को उसके घर से समय 11:30 बजे गिरफ्तार किया गया आवश्यक विधिक कार्यवाही कर सम्बन्धित न्यायालय भेजा जा रहा है।

# सपा कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राजेश विश्वकर्मा समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव मनोज मौर्या समाजवादी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश सचिव राजेश प्रजापति का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने कहा कि जिस तरह नेतृत्व द्वारा ने इन तीनों पदाधिकारियों मनोनयन किया है उसे हमें पूरी उम्मीद है कि यह निष्ठा ईमानदारी के साथ समाजवादी पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी इनसे पार्टी यही उम्मीद करती है गांव–गांव घर–घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों सिद्धांतों के बारे में लोगों को अवगत कराएं और भाजपा सरकार के कुकृत्य को जनता के बीच बताएं भाजपा सरकार ने आम जनता को ठगने का काम किया है बेरोजगारी बढ़ी है लूट हत्या बलात्कार बढ़े हैं देश में भ्रष्टाचार बढ़ा है किसानों की दुर्दशा हुई इन सब मुद्दों को लेकर जन जन संपर्क करके और 2022 में समाजवादी पार्टी बनाने के लिए लोगों को जागरूक करने का काम करें स्वागत समारोह में मुख्य रूप से पूर्व विधायक अरशद खाँ यशवंता यादव जिला उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी श्रवण जयसवाल, महेंद्र यादव,पूनम मौर्या,पप्पू रघुवंशी मालती निषाद तारा त्रिपाठी शेरू खान राजेश यादव शोचराम विश्वकर्मा आसाराम यादव गुड्डू सोनकर भानु प्रताप मौर्या,आलोक यादव पंकज यादव धर्मेंद्र सोनकर आदि संचालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।



# मतदाता लोकतंत्र की रीढ़ : एक दिन शेष सभी बने मतदाता – जिलाधिकारी

जौनपुर सू.वि. : मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज हस्ताक्षर अभियान प्रारम्भ किया गया। '' लोकतंत्र की दीवार" नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने हस्ताक्षर कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मतदाता बनने एवं निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने के लिए जागरूक किया। 'लोकतंत्र की दीवार' बैनर पर हस्ताक्षर कर लोगों ने संकल्प लिया कि मतदाता बनने हेतु लोगों को प्रेरित करेगें तथा आगामी विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर नैतिक मतदान करेंगे तथा अन्य लोगों को भी जागरुक करेगें। इस अवसर पर वोटर सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने खूब फोटो खिंचें। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नये मतदाताओ को पंजीकृत कराने के साथ साथ, सभी मतदाताओ को मतदान देने की अनिवार्यता के प्रति लोगो को जागरूक करना है। लोकतंत्र में मतदाताओ का मुख्य योगदान है। मतदाता लोकतंत्र की रीढ माना जाता है, वे अपने बहुमूल्य मत की ताकत को समझते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करें। मतदान करने के लिए आवश्यक है कि आपका नाम मतदाता सूची में हों। इसलिए जिन पात्र लोगों का नाम सूची में नहीं है अभी एक दिन शेष है, 5 दिसम्बर तक वोटर बनने का कार्य होगा। इसके लिए अपने बी एल ओ से सम्पर्क करें या एन वी एस पी पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन ऐप के जरिए फार्म 6 भरकर आन लाइन आवेदन करते हुए मतदाता बनें। मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक देश है। सभी लोगों के साथ साथ विशेकर युवाओ और महिलाओ को निर्वाचन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल ने लोगों से अपील किया कि मतदाता सूची में अपना व अपने परिवार के लोगों का नाम शामिल कराये, तथा आगामी विधानसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य मतदान करें। तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित व जागरूक करते रहे। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा संजय कुमार, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, ईएलसी कोआर्डिनेटर रमेश चंद्र यादव, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, तहसीलदार सदर महेंद्र बहादुर सिंह, एस.ओ.सी. कई अधिकारियों सहित सैकड़ों लोगों ने लोकतंत्र की दीवार बैनर पर हस्ताक्षर कर संकल्प लिया।

# जौनपुर से होकर गुजरेंगी भाजपा की रथयात्रा : पुष्पराज सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी अगले साल उत्तर प्रदेश में होने वाले विधान सभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी है और इसी के तहत अब प्रदेश के वोटर्स तक पहुंचने का प्लान बना रही है, वोटर्स तक पहुंचने के लिए भारतीय जनता पार्टी चार रथ यात्रा निकालेगी, भाजपा का रथयात्रा के जरिए हर वोटर और समाज के हर तबके तक पहुंचने का लक्ष्य है, पार्टी की कोशिश है कि इन 4 रथ यात्राओं के जरिए प्रदेश के लगभग हर विधान सभा तक पहुंचा जाए। इसी को लेकर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें रथयात्रा के मार्ग, स्वागत, एव सभा को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, उन्होंने कार्यकर्ताओ को बताया कि इन रथ यात्राओं को भाजपा के वरिष्ठ नेता हरी झंडी दिखाएंगे अलग–अलग समय और जगह पर इन रथयात्राओं में केंद्र और प्रदेश सरकार के मंत्री भी शामिल होंगे। ये यात्रा जौनपुर, मल्हनी, शाहगंज, बदलापुर और मुंगराबादशाहपुर से होकर गुजरेंगी। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के कामों को बताएगी पार्टी। उन्होंने आगे बताया कि पार्टी इन रथों के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की उपलब्धियों को जनता को बताएंगी। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री सुशील मिश्र, जिला यात्रा प्रमुख ई•अमित श्रीवास्तव, विधानसभा यात्रा प्रमुख विनोद तिवारी, विपुल सिंह, राजकुमार जायसवाल, जिला आईटी संयोजक रोहन सिंह एवं जिला सोशल मीडिया संयोजक सिद्धार्थ राय, विनीत शुक्ला, अनिल गुप्ता, विनोद मौर्या, निखिल सोनकर आदि उपस्थित रहे।




## पीयू में मनोविज्ञान विभाग की दो छात्राओं का नवोदय विद्यालय में परामर्शदाता के पद पर हुआ चयन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के मनोविज्ञान विभाग की दो छात्राओं रागिनी पाठक एवं निशा सिंह का चयन नवोदय विद्यालय में परामर्शदाता के पद पर हुआ। व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग की असि.प्रोफेसर डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों ही छात्राएं बहुत ही होनहार हैं ,निश्चित ही अपनी योग्यता से विद्यार्थियों की समस्यायों का समाधान एवं उचित मार्गदर्शन करेंगी । निशा एवं रागिनी का नवोदय विद्यालय में चयन होना विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है ।विभागाध्यक्ष प्रो अजय प्रताप सिंह जी ने दोनों छात्राओं को बधाई दी और इस खबर को सुनकर सभी शिक्षकों तथा छात्र–छात्राओं में खुशी की लहर है।



## 7 दिसम्बर को पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा मनायेगा संकल्प दिवस –इंदुप्रकाश यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 7 दिसंबर को डा राम आशीष सिंह की पुण्य तिथि को संकल्प दिवस के रूप में मनाया जायेगा। यह जानकारी अटेवा जौनपुर के जिला कार्यक्रम प्रभारी इंदु प्रकाश यादव ने देते हुए बताया कि पुरानी पेंशन बुढ़ापे के लाठी है और इसका कोई विकल्प नहीं है। 7 दिसंबर को हमारा एक जांबाज साथी डा राम आशीष सिंह पेंशन के लिए शहीद हो गया था, उन्ही के याद मे अटेवा जौनपुर के पेंशन विहीन साथी पुरानी पेंशन के लिए संकल्प लेंगे। इंदु प्रकाश यादव ने सभी पेंशन विहीन साथियों से अपील किया कि 7 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि व संकल्प दिवस कार्यक्रम में समय सायं 4 : 00 बजे सम्मिलित होकर सरकार तक अपनी बात पहुचाये।



# चुनावी पाठशाला में 5 दिसम्बर तक मतदाता बनने हेतु किया जागरूक

जौनपुर सू.वि. : स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जलालपुर विकास खण्ड के सभी 133 परिषदीय विद्यालयों पर खण्ड शिक्षा अधिकारी जलालपुर शशिकांत श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनावी पाठशाला आयोजित की गई। जिसमें लोगों को 5 दिसम्बर तक मतदाता बनने हेतु जागरूक करने व लोगों को निर्वाचन शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। प्राथमिक विद्यालय अकबरपुर में आयोजित चुनावी पाठशाला में खण्ड शिक्षा अधिकारी जलालपुर शशिकांत श्रीवास्तव ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का सदुपयोग करेगा। इसलिए प्रत्येक युवाओं को चाहिए जिनकी आयु 1 जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूरी हो रही है या जिनका नाम मतदाता सूची में छूटा है, वें अपना या परिवार का वोट तत्काल जरुर बनवा लें। क्योकि आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में मतदान करने के लिए मतदाता सूची में नाम 5 दिसम्बर तक ही शामिल होगा। अब समय नहीं तुरन्त अपने बीएलओ से संम्पर्क करें या आन लाइन आवेदन करते हुए मतदाता बनें। जिससे आगामी विधानसभा चुनाव में अपना मतदान कर सकें। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में बिना भय, बिना लालच बिना भेदभाव के अपने मत का सदुपयोग करें ताकि मजबूत लोकतंत्र का निर्माण हो। जलालपुर ब्लाक के सभी परिषदीय विद्यालयों पर चुनावी पाठशाला आयोजित करने में शिक्षकों शिक्षामित्रों अनुदेशकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। चुनावी पाठशाला में अभिभावकों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।



# नव भारत के नवनिर्माण में कायस्थों की भूमिका महत्वपूर्ण : सुबोधकांत सहाय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पूर्व गृह मंत्री और अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय ने कहा की नए भारत के नव निर्माण में कायस्थों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है । उन्होंने कहा की भारतवर्ष के आजादी के समय से आज तक कायस्थ समाज देश की आजादी की लडाई के बाद आजाद भारत वर्ष के नव निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होने के बाद भी आज कायस्थ समाज को राजनीति में राजनीतिक पार्टियां वह स्थान नहीं दे रही है जिसके हम हकदार है । इसलिए आज समय आ गया है की जो पार्टी देगी सम्मान देगी उसे ही हम देंगे सम्मान ।आज आयोजित कायस्थ हुंकार रैली को संबोधित कर रहे थे । आज लखनऊ के उत्तराखंड महोत्सव स्थल , गोमती किनारे आयोजित में पूरे देश से सभी कायस्थ के संगठन एक साथ एक मंच पर दिखे । कार्यक्रम को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के सिन्हा ने सभी कायस्थ संगठनों को एक मंच पर आने का धन्यवाद देते हुए कहा की एकता में ही शक्ति है और आज हमारी ताकत हमारी सामने दिख रहे है । उत्तर प्रदेश अध्यक्ष इंद्रसेन श्रीवास्तव ने कहा इस बार सत्ता के शीर्ष पर पहुंचने के लिए कायस्थों को जो पार्टी सम्मान स्थान देगी उसे ही प्रदेश का सट्टा समाज सौपेगा ।उन्होंने समाज से आह्वान किया की हमें अपनी ताकत को राजनीति में दिखाने का समय आ गया है इस लिए एक जुट होकर इस बार मतदान करना होगा । राष्ट्रीय महासचिव विश्व विमोहन कुलश्रेष्ठ ने कहा देश में पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक आज कायस्थ समाज सुबोध कांत सहाय के नेतृत्व में जिस तरह से इस मंच पर आया है वह आगाज अब अंजाम तक जायेगा । राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव ने कहा आजाद भारत में पहली बार आज समाज एक मंच पर यह दर्शाता है की अब सभी राजनीतिक पार्टियों के इस विषय पर सोचना होगा की जिस समाज ने देश की आजादी और निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका में रही है उसे प्रतिनिधित्व दिया जाना आज के समय की मांग है । राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष ने युवाओं से आह्वान किया की युवा प्रवर्तन की पहचान होते है इसलिए इस बार कायस्थ समाज का युवा राजनीति का नया ककहरा लिखेगा । राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मेघना श्रीवास्तव ने कहा की किसी भी समाज , देश के निर्माण में महिलाओ की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है और आज खुशी का दिन है की सबसे शिक्षित समाज की महिलाओ का आना ये बताता है की हम सुंदर भारत की ओर चल पड़े हैं । राष्ट्रीय संगठन मंत्री पी सी श्रीवास्तव से देश से आए सभी समाज के लोगो का धन्यवाद देते हुए इस बार के चुनाव में भागीदारी का आह्वान किया । उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहा की कायस्थ समाज जो हमेशा सत्ता के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका में रहा है आज समय आ गया है की सत्ता का संचालन करे , जिसके लिए राजनीति में हासेदारी जरूरी है । पूर्व राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद जी के जयंती पर आयोजित कायस्थ हुंकार रैली में हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए । कार्यक्रम में सुनील श्रीवास्तव , रमेश सिन्हा , मुरारी प्रसाद , विवेक मोहन श्रीवास्तव, रवि शरण ,अनिता श्रीवास्तव ,अजय श्रीवास्तव ,राकेश श्रीवास्तव , राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु जौनपुर जिलाध्यक्ष नीलमणि प्रदेश सचिव राकेश श्रीवास्तव श्रीवास्तव जिला महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भैया अनीश श्रीवास्तव श्रीवास्तव हैप्पी श्रीवास्तव सुलभ श्रीवास्तव श्रीकांत श्रीवास्तव उमेश श्रीवास्तव तुषार श्रीवास्तव महिला जिलाध्यक्ष प्रतिमा श्रीवास्तव , महामंत्री प्रियंका श्रीवास्तव सहित हजारों की संख्या में कायस्थ समाज के लोग उपस्थित रहे । उक्त आशय की जानकारी प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।




# जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सदर तहसील का संपूर्ण समाधान दिवस प्रेक्षागृह में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सदर तहसील का संपूर्ण समाधान दिवस प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में 85 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया कि संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए गुणवत्ता पूर्ण तरीके से एक सप्ताह के अंदर निस्तारित किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिकतर शिकायतें जमीन विवाद के संबंध में प्राप्त हुए जिसके संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया कि राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीमें मौके पर जाकर निरीक्षण करें और लेखपाल तथा कानूनगो की टीम बनाकर जमीन विवाद के मामलों की जांच कराते हुए नियमानुसार समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि जमीन विवाद के मामले में कोई लेखपाल लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जमीन विवादों का निस्तारण शासन प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता में है अतः इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि अगले संपूर्ण समाधान दिवस पर जो भी शिकायतकर्ता आएंगे उनको कोरोना टीकाकरण का प्रमाणपत्र लाना अनिवार्य है और कोविड–19 के प्रोटोकॉल का पालन करना अति आवश्यक है जिससे कोरोना को नियंत्रित किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल, अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# भारतीय जनता पार्टी के "घोषणा पत्र समिति "की सदस्य सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी को सौंपा 14 सूत्रीय "मांग पत्र"

आर एल पाण्डेय लखनऊ। " उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल"ने भा ज पा के घोषणा पत्र में व्यापारियों की मांगों को शामिल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की "घोषणा पत्र समिति "की सदस्य एवं सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी को 14 सूत्रीय "मांग पत्र" सौंपा उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार। मंडल (संबद्ध कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) ने व्यापारियों के 14 सूत्रीय "मांग पत्र" जारी करने के एक दिन बाद से प्रमुख राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं को "मांग पत्र" देने का कार्यक्रम शुरू कर दिया है इसी क्रम में शनिवार को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रांतीय चेयरमैन संजय गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल डॉ रीता बहुगुणा जोशी से उनके डाली बाग स्थित आवास पर उनसे मिला तथा भारतीय जनता पार्टी की घोषणा पत्र समिति की सदस्य एवं सांसद डॉ रीता जोशी को प्रदेश के व्यापारियों की मांगों का 14 सूत्री "मांग पत्र" सौपा संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने इस अवसर पर जानकारी देते हुए बताया कि व्यापारियों की समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए तथा व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने के लिए प्रदेशभर के व्यापारियों से राय मशवरा करके 14 सूत्री मांग पत्र तैयार किया गया है जिसमें प्रदेश में "ई कॉमर्स नीति" बनाए जाने "व्यापारी नीति आयोग" के गठन एवं "व्यापारी स्वास्थ्य बीमा" योजना की मांग सहित 14 मुख्य मांगे हैं उन्होंने कहा जो प्रमुख राजनीतिक दल व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए अपनी पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल करेगा तथा सरकार बनने पर 3 माह में पूरा करने का विश्वसनीय वादा करेगा व्यापारी उस राजनीतिक दल को चुनाव में सहयोग करेंगे तथा अपनी ताकत झोकेंगे "मांग पत्र" सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सांवरिया, नगर उपाध्यक्ष मोहित कपूर ,पी जी आई इकाई के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, पीजीआई के पदाधिकारी कुंवर बहादुर, युवा इकाई के अध्यक्ष आशीष गुप्ता , व्यापारी नेता पंकज अरोड़ा ,महेश गुप्ता, भूतनाथ मार्केट अध्यक्ष कमल अग्रवाल, सहित कई पदाधिकारी शामिल थे।



# सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर भर्ती : ब्लाक स्तर पर तिथियां हुई निर्धारित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सात दिसम्बर 2021 से जनपद अयोध्या के सभी विकास खण्ड मुख्यालयो में एसआईएस इंडिया लि0 लखनऊ के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है इस शिविर में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी। शिविर का आयोजन कोविड–19 के प्रावधानो सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क का प्रयोग के साथ किया जाना होगा। विकास खण्ड मुख्यालयो पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई है जीसमें विकास खण्ड मसौधा 07 दिसम्बर 2021,विकास खण्ड बीकापुर 08 दिसम्बर 2021, विकास खण्ड तारुन 09 दिसम्बर 2021, विकास खण्ड पूराबाजार 10 दिसम्बर 2021, विकास खण्ड माया बाजार 11 दिसम्बर 2021, विकास खण्ड सोहावल 13 दिसम्बर 2021,विकास खण्ड रुदौली 14 दिसम्बर 2021,विकास खण्ड मवई 15 दिसम्बर 2021, विकास खण्ड मिल्कीपुर 16 दिसम्बर 2021, विकास खण्ड हरिंगटनगंज 17 दिसम्बर 2021, विकास खण्ड अमानीगंज 18 दिसम्बर 2021,विकास खण्ड अमानीगंज 19 दिसम्बर 2021 इन तिथियो में भर्ती शिविर का आयोजन किया गया है। किसी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैंद्य इन शिविरो के सफल आयोजन के लिए मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव ने सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया है कि वे आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे तथा भर्ती अधिकारी रजनीश राय के द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओ के अनुरूप अपना सहयोगात्मक योगदान देंगे। भर्ती अधिकारी रजनीश राय ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80–85 सेंमी तथा उम्र 21 से 37 के बीच ,वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। उन्होंने इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाको में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350 रू0 जमा करना होगा।

# खेलकूद से होता है शारीरिक और मानसिक विकास, ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूर्व माध्यमिक विद्यालय नेवरा में शिक्षा विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें मवई ब्लाक के सभी पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रुदौली विधायक राम चंद्र यादव मौजूद रहे। विधायक राम चन्द्र यादव व खंड शिक्षा अधिकारी उदयभान यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में कबड्डी,लम्बीकूद,गोला फेंक, दौड़, खो–खो आदि खेल का आयोजन हुआ।विधायक ने खोलकूद प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरुस्कार भेंटकर सम्मानित करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि खेल से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है।इसके साथ ही बच्चों में आगे बढ़ने की प्रवृत्ति बढ़ती है।उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता से बच्चों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए बेहतर मंच प्राप्त होता है जिसमें वे अपना दमखम लगाकर आगे बढ़ते हैं।इससे उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना भी जागृत होती है और उनमें आगे बढ़ते रहने के लक्ष्य का निर्धारण होता है। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष आरिफ खान,प्राथमिक शिक्षा संघ संयोजक देवेंद्र प्रताप सिंह,मंजेश मौर्या,जूनियर संघ के अध्यक्ष मो0 कलीम,निर्मल शर्मा,एहतराम हुसेन खां,प्रधान विक्रम यादव,संत शरण सिंह,जोगेंद्र यादव,गौरव शुक्ल,राजेश यादव,राम दुलारे अवस्थी,अरविंद यादव,अश्वनी यादव,भीम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# ऋण माफी को भूली गरीब सरकार : तीन वर्ष बाद भी 3940 किसानों का मामला शासन स्तर पर रुका

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी पहली ही बैठक में किसान ऋण माफी का निर्णय लिया था। परंतु सरकार बनने के 3 वर्ष बाद भी 3940 किसानों के ऋण माफी की आस शासन स्तर पर रुकी हुई है। किसान इस संदर्भ में जब जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराता है तो सारी शिकायतें जिले स्तर पर आकर रुक जाती हैं, जबकि इसका समाधान शासन स्तर पर होना है। यह बातें किसान नेता महर्षि द्विवेदी राम ने कही। इसी मुद्दे को लेकर आज गुरुवार को वह 30 किसानों के साथ गांधी पार्क में धरना दिया। एवं जब अपने रक्त से ज्ञापन पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को संबोधित करने जा रहे थे तो उन्हें पुलिस प्रशासन ने रोक लिया इस कारण उन्होंने कलम से पत्र लिखकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। महर्षि राम ने बताया कि यदि अतिशीघ्र किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसानों के साथ विधानसभा भवन का घेराव करेंगे एवं वृहद आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इनका कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार को गन्ना मूल्य भुगतान और किसान ऋण माफी कोई समस्या ही नहीं लगती है।

# अब पटरंगा थाने में कोई भी बैठक खुले आसमान के नीचे न होकर होगी सभागार कक्ष मे – एसएसपी

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) जिले के पटरंगा थाना में नवनिर्मित आगंतुक सभागार कक्ष,होमगार्ड,ग्राम प्रहरी व आरक्षी बैरक का अयोध्या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने उदघाटन किया।इसके साथ ही साथ उन्होने नवनिर्मित सभागार कक्ष में क्षेत्र के बैठें संभ्रांत नागरिकों व ग्राम प्रधानों को बताया कि आप सभी पुलिस का सहयोग करें और जो भी सूचना हो वह पुलिस को बताए जिससे अपराध पर नियंत्रण किया जा सकता हैं।मालूम हो कि पटरंगा थाना में किसी भी कार्यक्रम को लेकर जब भी बैठक होती थी तो वह खुले आसमान के नीचे ठण्डी व गर्मी में तो किसी प्रकार बैठकें तो सम्पन्न हो जाती थी लेकिन बरसात के मौसम में पीस कमेटी की बैठक या किसी घटना का खुलासा करने के लिए थाने में बैठक चल रही हो और अचानक बरसात होने लगे तो सभी भीग जाते थे।यह सब देखकर थाना प्रभारी विवेक सिंह ने ग्राम प्रधान व क्षेत्र के कुछ सम्भ्रान्त नागरिकों के सहयोग से एक टिन सेड आगंतुक सभागार कक्ष का निर्माण कराया साथ होम गार्ड ,ग्राम प्रहरी व आरक्षी बैरक का भी निर्माण कराया।जिसका गुरुवार को अयोध्या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय व एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने आगंतुक सभागार कक्ष का फीता काटकर उदघाटन किया।इसके अलावा ग्राम प्रहरी रेस्टरूम,होमगार्ड व आरक्षी कक्ष का भी उदघाटन किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने वहां पर मौजूद सभी ग्राम प्रधानों व क्षेत्र के सम्भ्रान्त नागरिकों का धन्यवाद दिया कहा कि आप सभी के सहयोग से एक आगंतुक सभागार कक्ष बन कर तैयार हो गया है अब कोई भी थाने में होने वाली बैठक खुले आसमान के नीचे नही होगी।वही सभी से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में जो भी छोटी व बड़ी घटनाओं का की जानकारी पुलिस को देते रहे जिससे अपराध कुछ हद तक नियंत्रण किया जा सके और पुलिस द्वारा एक टीम का गठन किया जाएगा जिससे इस टीम के सदस्य क्षेत्र में होने वाली घटनाओं की सूचना देते रहे। इस मौके पर रुदौली पुलिस क्षेत्राधिकारी सुरेंद्र प्रसाद तिवारी, हाइवे चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार यादव, हरिवंश कुमार, सिद्धांत आर्यों, जगगन्नाथ यादव, आरिफ खा, इस्तिखार अहमद, संजय कुमार सावन, गुड्डू खा,व नसीम खा सहित क्षेत्र के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# विदेशों के पत्रों पर मुहर से श्रीराम से जुड़े सांस्कृतिक सम्बन्धों का होगा प्रसार – सांसद लल्लू सिंह

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) फैजाबाद प्रधान डाकघर में डाक विभाग ने हनुमान गढ़ी अयोध्या पर चित्रमय तारीख मुहर का शुभारंभ रंगारंग कार्यक्रम के साथ मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा लल्लू सिंह तथा विशिष्ट अतिथि हनुमान गढ़ी के महंत व संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास ने एलबम का विमोचन प्रवर अधीक्षक डाकघर आर एन यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या की पहचान हनुमान गढ़ी को विश्व पटल पर लाने के लिए चित्रमय मुहर के शुभारंभ से विदेशों में भी अयोध्या विद्यमान होगा। यह चित्रमय तारीख मुहर की छाप देश विदेश के सभी आने जाने वाले पत्रों में होने से न सिर्फ देश के भीतर बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अयोध्या के सांस्कृतिक दूत का कार्य करेगा। मुहर पर हनुमान गढ़ी के शिखर का चित्र होने से लोगों की आस्था का विस्तार होगा युवा पीढ़ी भी अयोध्या के बारे में जानकारी रखने के लिए उत्सुकता बढ़ेगा। श्री सिंह ने कहा कि डाक विभाग सदैव सांस्कृतिक राजदूत की भूमिका निभाते हैं। ऐसे में इस मुहर से पूरे विश्व में अयोध्या और श्रीराम से जुड़े सांस्कृतिक सम्बन्धों का प्रसार होगा। दुनिया भर के राम भक्तों के लिए यह एक अमूल्य निधि की तरह साबित होगा। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास ने कहा कि रामायण काल में माता सीता को भगवान राम का सन्देश हनुमान जी ने दिया था आज इस युग में हनुमान जी सबसे बड़े भगवान हैं पत्रों पर हनुमान गढ़ी के शिखर लगी मुहर मिलने से आस्था बढ़ेगी दूर दूर के दर्शनार्थियों की संख्या बढ़ेगी। हनुमान गढ़ी पर मुहर जारी करवाने के लिए श्री दास ने प्रधानमंत्री व संचार मंत्री को बधाई दिया।इस दौरान प्रवर अधीक्षक डाकघर आर एन यादव ने बताया कि इस मुहर की मांग सांसद फैजाबाद लल्लू सिंह के द्वारा किया गया था। अब सभी आने जाने वाले पत्रों पर इसकी छाप होगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा।इस दौरान अभिषेक दास, सीनियर पोस्टमास्टर एस आर गुप्ता, सहायक अधीक्षक अजय पाण्डेय, मनोज कुमार, सिंकू रावत, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, हिमान्शु कनौजिया, शैलेन्द्र भास्कर, पंकज सिंह, आदि सैकड़ों मौजूद रहे।

# हिंदुत्व पर मतदाताओं को छलने की साजिश को बेनकाब करेगी हिन्दू महासभा – राकेश दत्त मिश्र

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) अखिल भारत हिन्दू महासभा के अयोध्या जिलाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सलाहकार अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रशाद मौर्य के मथुरा पर दिए बयान को भाजपा के छद्म हिंदुत्व से जोड़ते हुए कहा कि हिन्दू महासभा भाजपा की साजिश को बेनकाब करेगी।अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि को ईदगाह मस्जिद से मुक्त करवाकर कृष्ण लला का भव्य मंदिर निर्माण अखिल भारत हिन्दू महासभा का अटल संकल्प है। हिन्दू महासभा ने 6 दिसंबर को मथुरा के ईदगाह मस्जिद में कृष्ण लला का देश की विभिन्न नदियों से लाये गए पवित्र जल से जलाभिषेक करने की घोषणा कर देश के सभी प्रदेशों में व्यापक और भव्य तैयारियां आरम्भ कर दी। हिन्दू महासभा को श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर मुखर देख भाजपा को 2022 में उत्तर प्रदेश में अपनी सत्ता से बेदखल होने का भय सताने लगा। प्रदेश सरकार के इशारे पर हिन्दू महासभा को कार्यक्रम करने की अनुमति नही दी गई और मथुरा में धारा 144 लगा दी गई। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं , हिन्दू महासभा मथुरा जिला पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया। देश भर में हिन्दू महासभा और उससे जुड़े अन्य हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों को सम्मन भेजा जा रहा है और उन्हें हाउस अरेस्ट करके उनका मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि यदि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उनकी भाजपा मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि गर्भगृह पर मंदिर निर्माण पर ईमानदार हैं तो मथुरा से धारा 144 हटाने , हिन्दू महासभा और उससे जुड़े हिन्दू संगठनों के गिरफ्तार हुए और हाउस अरेस्ट किये गए नेताओं को रिहा करने तथा ईदगाह मस्जिद में श्री कृष्ण लला का पवित्र जल से अभिषेक करने के कार्यक्रम के आयोजन को अनुमति प्रदान करने का साहस दिखाएं। यदि उनमें यह साहस नहीं है तो स्पष्ट प्रमाणित होता है कि प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हिन्दू महासभा के तेजी से बढ़ रहे राजनीतिक जनाधार से भाजपा की उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में हिन्दू महासभा से कड़ी प्रतिस्पर्धा होने जा रही है।अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि हिन्दू महासभा के 6 दिसंबर के जलाभिषेक कार्यक्रम का दमन करने के बाद मथुरा की तैयारी का बयान केशव प्रसाद मौर्य और भाजपा का अपने छद्म हिंदुत्व से उत्तर प्रदेश के मतदाताओं को एक बार फिर से छलने की साजिश है। जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश सलाहकार अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहमान का मथुरा विवाद पर 40 करोड़ मुसलमानों की आबादी की धमकी का उत्तर देते हुए कहा कि श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद का हिन्दू – मुस्लिम से कोई सरोकार नही है। यह विवाद देशभक्त नागरिकों और विदेशी आक्रांताओं के मध्य है। विदेशी आक्रांताओं का पक्ष लेने वालों तत्वों को देश द्रोह के अपराध में गिरफ्तार किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि 2022 में हिन्दू महासभा कट्टर हिंदुत्व और अपने दमदार प्रत्याशियों के बल पर प्रदेश के मतदाताओं के समक्ष भाजपा के छद्म हिंदुत्व आधारित इस साजिश को बेनकाब करेगी और हिन्दू वोट बैंक के बल पर 2022 में अपनी सरकार बनाएगी।

# गन्ना समितियों में निःशुल्क भरा जाएगा 10 दिसम्बर तक किसानों का ऑनलाइन घोषणा पत्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव दिनेश दुबे ने गन्ना विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की तिथि बढ़ाने की मांग पर गन्ना आयुक्त ने प्रदेश के सभी जिला गन्ना अधिकारियों को ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की तिथि बढ़ाने का आदेश देते हुए ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने की पूर्व निर्धारित तिथि 30 नवंबर से बढ़ाकर 10 दिसंबर कर दिया है। दिनेश दूबे ने ऑनलाइन तिथि बढ़ाने का एक मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से गन्ना आयुक्त को 23 नवंबर को भेजा था जिसका संज्ञान लेते हुए गन्ना आयुक्त ने प्रदेश के सभी उप गन्ना आयुक्त व जिला गन्ना अधिकारियों को बुधवार को यह आदेश दिया है।गन्ना आयुक्त ने किसानों की असुविधा के मद्देनजर उन्हें समितियों में जाकर निःशुल्क ऑनलाइन घोषणा पत्र भराने की सुविधा भी उपलब्ध कराने का आदेश सभी समितियों को दिया है।गन्ना आयुक्त द्वारा दिये गए इस आदेश का भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव दिनेश दूबे ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह आदेश शासन द्वारा सर्वे के समय ही कर देना चाहिए था।वहीं किसानों का कहना है कि आयुक्त द्वारा यह आदेश पहले ही किये जाने की आवश्यकता थी आज किसान गन्ने की बुवाई और कटाई व सप्लाई करें या घोषणा पत्र भरने में अपना महत्वपूर्ण समय बरबाद करे जिसे लेकर किसानों में भारी आक्रोश है।दिनेश दुबे ने गन्ना विभाग पर आरोप लगाते कहा कि एक ओर तो किसान बेमौसम बारिश से त्रस्त है ऊपर से उसे ऑनलाइन घोषणा पत्र भरने में आ रहे 400 से 500 रुपये के खर्च का वहन करना भारी पड़ रहा है।इस बाबत जब जिला गन्ना अधिकारी अखिलेश प्रताप से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जिन किसानों के पास स्मार्टफोन, लैपटॉप की सुविधा नहीं है वे अपने निकट के गन्ना समिति व मिल में अपना आधार कार्ड व बैंक खाता संख्या लेकर पहुँचे जहां इनका ऑनलाइन घोषणा पत्र पूर्णतया निःशुल्क भरा जाएगा उन्हें इसके लिए खेतौनी की भी जरूरत नहीं पड़ेंगी।

# इंस्टिट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड रिसर्च में नव प्रवेश छात्र छात्राओं का अनुगम समारोह कार्यक्रम संपन्न

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइन्सेज एण्ड रिसर्च सीवार, सोहावल, अयोध्या में 24 से 27 नवम्बर के बीच एम0 फार्म, बी0 फार्म व डी0 फार्म के नव प्रवेषित छात्र–छात्राओं के लिए अनुगम समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा विषिश्ट अतिथि के तौर पर डॉ राजेन्द्र देव (सी0एम0ओ0 ग्रेड अयोध्या) एवं डॉ हरिओम श्रीवास्तव (रिटायर्ड सी0एम0ओ0) षामिल हुए। मुख्य अतिथि, विषिश्ट अतिथि व भवदीय ग्रुप के सचिव डॉ अवधेष वर्मा ने मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की षुरूआत की। भवदीय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के सचिव डॉ अवधेष वर्मा ने अतिथियों का पुश्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ राजेन्द्र देव ने छात्र–छात्राओं को चिकित्सा क्षेत्र में सेवाएं देने के लिए प्रोत्साहित किया तथा बताया कि फार्मेसी में कैरियर के साथ–साथ देष सेवा भी कर सकते हैं। इसी क्रम से विषिश्ट अतिथि डॉ हरिओम श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि फार्मेसी अपार सम्भावनाओं का क्षेत्र है जिसने कोविड जैसी वैष्विक महामारी में भी देष व विष्व को सतत सेवा दी है। अनुगम समारोह के को–आर्डीनेटर एवं भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइन्सेज एण्ड रिसर्च के डायरेक्टर डॉ संजय कुषवाहा ने नव प्रवेषित छात्र–छात्राओं को अतिथि गणों का परिचय कराते हुए संस्थान की गतिविधियों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में बी0 फार्म तथा डी0 फार्म के छात्र –छात्राओं ने पावर प्वाइन्ट प्रस्तुति द्वारा अनुगम समारोह से सभी को अवगत कराया, जिसमें पहली प्रस्तुति बी0 फार्म अन्तिम वर्श की छात्रा तसनीम सुमैया ने इन्डक्षन प्रोग्राम के बारे में जानकारी दी, बी0 फार्म द्वितीय वर्श के छात्र पियुश गुप्ता ने इन्फ्रास्ट्रक्चर आफ बी0जी0आई पर अपनी प्रस्तुति दी जिसमें नये छात्र छात्राओं को संस्थान में उपलब्ध सुविधाओं, प्रयोगषाला, पठन पाठन कक्ष इत्यादि के बारे में अवगत कराया गया। बी0 फार्म द्वितीय वर्श की छात्रा उम्मे ऐमन ने गवर्निन्ग काउन्सिल आफ बी0जी0आई0 के बारे में जानकारी साझा की। डी0 फार्म अन्तिम वर्श के छात्र आदर्ष पाण्डेय ने इम्पोर्टेन्स आफ एजूकेषन विशय पर अपनी प्रस्तुति दी और बताया कि मानव जीवन में षिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। बी0 फार्म द्वितीय वर्श की छात्रा सनोवर जाहिद ने स्कोप आफ फार्मेसी विशय पर सभी को जानकारी दी, छात्र फार्मेसी क्षेत्र जैसे मार्केटिंग, दवा उत्पादन, रिसर्च, ड्रग्स डिजाइन, हास्पिटल फार्मासिस्ट आदि क्षेत्रों में अपना भविश्य बना सकते हैं। बी0 फार्म द्वितीय वर्श की छात्रा आंषिका पटेल ने ह्यूमन वैल्यू पर प्रस्तुति देते हुए छात्र जीवन में अनुषासन के महत्व पर प्रकाष डाला। बी0 फार्म द्वितीय वर्श के छात्र कृश्णा कसौधान ने संस्थान में एन्टी रैगिंग समिति एवं एन्टी रैगिंग स्क्वायड समिति के सदस्यों एवं समिति की कार्यविधि एवं गतिविधियों पर सभी अवगत कराया और बताया कि भवदीय संस्थान में रैगिंग पूर्णतया निशेध है एवं छात्र–छात्रायें रैगिंग सम्बन्धी समस्या संस्थान के पोर्टल पर ऑन लाईन पंजीकृत कर सकते हैं। बी0 फार्म द्वितीय वर्श के छात्र विकास चौरसिया ने इन्ट्रोडक्शन ऑफ फार्मेसी तथा बी0 फार्म अन्तिम वर्श की छात्रा सरल बचुका ने पर्सनालिटी डेवलपमेंट एण्ड काम्युनिकेषन स्किल की विस्तृत जानकारी दी तथा कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया। प्रबन्ध निदेषक श्री मिश्री लाल वर्मा जी ने सभी नव प्रवेषित छात्र–छात्राओं को षुभकामना देते हुए उज्जवल भविश्य की कामना की। चेयरमैन इं0 पी0 एन0 वर्मा ने सभी को बधाई दी और छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि फार्मा क्षेत्र अपार सम्भावनाओं से भरा हुआ क्षेत्र है जिसमें प्रत्येक छात्र को संस्थान द्वारा हर सम्भव मदद की जाती रही है। प्रषासनिक मैनेजर अतुल श्रीवास्तव जी ने सभी छात्र–छात्राओं को सुनहरे भविश्य के लिए षुभकामना प्रेशित की। कार्यक्रम में भवदीय एजुकेषनल के प्राचार्य डॉ0 रजनीष श्रीवास्तव एवं भवदीय इन्स्टीट्यूट ऑफ विजनेस मैनेजमेन्ट के निदेषक डॉ0 षिषिर पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अन्त में विभागाध्यक्ष श्री रणविजय सिंह ने नव प्रवेषित छात्र–छात्राओं को षुभकामना दी तथा कालेज में अनुषासन के महत्व पर प्रकाष डाला। सहप्राध्यापक श्री प्रेम प्रसाद, विपुल सिंह, पूजा कुमारी, अनुपम पाण्डेय, राकेष पाण्डेय व अनुज सिंह उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन प्रस्ताव सहप्राध्यापिका ज्योति वैष ने दिया। कार्यक्रम का संयोजन सहप्राध्यापक ज्योति वर्मा एवं जगदीष प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया।

# राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में टाटशाह वेलफेयर सोसाइटी के तत्वधान में सैकड़ों दिव्यांग जनों को वितरित गया निशुल्क कंबल

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आज टाटशाह वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद कमर राइन व उपाध्यक्ष सैयद सुल्तान अशरफ के द्वारा राजकरण इंटर कॉलेज के मैदान में अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सैकड़ों दिव्यांगजन भाइयों को निशुल्क कंबल का वितरण किया गया, टाटशाह वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा हर साल ठंड के मौसम में गरीब असहाय बेसहारा लोगों को कंबल का वितरण सदा करते थे इस मौके पर भारतीय दिव्यांग कल्याण कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अकरम ने कक्षा वेलफेयर सोसाइटी को नेक कार्य के लिए धन्यवाद दिया है।

# हर्ष फायरिंग से सम्बन्धित शामिल दो अभियुक्त गिरफ्तार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा–निर्देशन में तथा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्वेक्षण मे अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एंव वान्छित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा थाना गोशाईगंज के नेतृत्व में थाना पुलिस द्वारा आनापुर सरैया में शादी समारोह में रात्रि में हुए हर्ष फायरिंग में सम्बन्धित मु0अ0सं0 364/2021 धारा 307 भादवि थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या पंजीकृत था जिसमें अभियुक्तगण फरार चल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त 1–दुर्गेश वर्मा पुत्र रमापति वर्मा 2–कन्हैया लाल विश्वकर्मा पुत्र हरिप्रसाद विश्वकर्मा को मय एक अदद ठठस बन्दूक, एक अदद खोखा कारतूस एवं एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ आज दिनांक शुक्रवार को समय 08.20 बजे समदा किशुनीपुर नहर पुलिया वफास्ला 02 किमी उत्तर थाना गोसाईगंज जनपद से गिरफ्तार किया गया गया जिसके सम्बन्ध मे थाना गोसाईगंज में मु0अ0सं0– 366/2021 धारा 3/25 एवं 5/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

# विधायक ने आईटीआई कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने रूदौली विधानसभा के अमराईगांव स्थित आईटीआई कॉलेज का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने कॉलेज के क्लास रूम,सभागार,लोको शेड व कार्यालय की जमीनी हकीकत जानी।आईटीआई कॉलेज के प्रांगण को देख विधायक ने नाराजगी जाहिर की।यही नही कॉलेज के कुछ अधूरे निर्माण कार्य बचे है जो की तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए।कॉलेज का परिसर जंगल का रूप धारण किया है।जिसे तत्काल प्रभाव से परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए है। यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में यह पहला आईटीआई कॉलेज देखने को मिला जहां सैकड़ो छात्रों के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध है।उन्होंने कालेज के प्राचार्य को पठन–पाठन के दृष्टिकोण से और विकसित करने से संबंधित कई आवश्यक सुझाव भी दिए।यहां आईटीआई कॉलेज पिछले 4 वर्षों से सुचारू है।जिसके माध्यम से छात्रों को तकनीकी शिक्षा मुहैया कराई जा रही है।इस मौके पर भाजपा नेता शम्भू सिंह,निर्मल शर्मा,विपिन यादव सहित कॉलेज के अध्यापक मौजूद रहे।

# जनता को जागरूक करने के लिए सीएमओ ने किया भ्रमण

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) कोविड टीकाकरण कोरोना वायरस के नए नए स्वरूप और खतरे से जनपद वासियों को सुरक्षित रखने और 18 वर्ष एवम उससे अधिक उम्र के सभी लक्षित लोगों को कोविड टीके की खुराक से आच्छादित करने के लिए विकास भवन में स्थापित कंट्रोल रूम को सक्रिय करने के साथ साथ आम लोगों को टीके लगवाने हेतु जागरूक करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया गया। कोविड टीके के साथ साथ कोविड सैंपलिंग भी ज्यादा से ज्यादा हो इसकी भी मॉनिटरिंग की। अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा भी कोविड टीकाकरण को गति प्रदान करने के लिए क्षेत्र में भ्रमण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपील की कि जनपद के ऐसे सभी 18 वर्ष एवम उससे ऊपर के लोग जिन्होंने अभी तक कोविड टीके की एक भी खुराक नही ली है वो अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर कोविड का टीका अवश्य लगवा लें साथ ही जिन लोगों ने अभी तक दूसरा डोज नही लगवाया है वे भी अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र पर जाकर टीके की दूसरी डोज लगवा लें। इस हेतु कन्ट्रोल रूम से दूसरी डोज से वंचित लोगों को अवगत भी कराया जा रहा है। आम जन से अनुरोध है कि कोविड महामारी से लड़ने में सहयोग प्रदान करें जिससे हम सभी मिलकर इस महामारी से लड़ सकें और जनपद को महामारी से सुरक्षित कर सकें।

## विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर अयोध्या विधायक ने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अयोध्या के द्वारा जो भी तारा अयोध्या में दिव्यांगजन के शिक्षण प्रशिक्षण हेतु संचालित बचपन डे केयर सेंटर में दिव्यांगजन हेतु कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम मेंमुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सेंटर में अध्ययनरत 20 दिव्यांग छात्र छात्राओं को छात्र जीवन हेतु आवश्यक सामग्री संबंधित बैग ड्रेस जूता टाई, मौजा स्वेटर टोपी आदि प्रदान कर लाभान्वित किया गया। साथ ही अयोध्या विधायक के द्वारा कुल 17 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, 5 दिव्यांग जनों को वैशाखी, 2 दिव्यांग जनों को व्हील चेयर ,1 दिव्यांगजन को श्रवण यंत्र तथा 1 दिव्यांग को एमआर किट की सुविधा प्रदान कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पटेल, सुश्री अनुपमा मौर्या, उपनिदेशक के अलावा जयनाथ गुप्ता जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मौजूद रहे।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।